# सुनील उर्फ टुल्ली हत्याकांड में फरार 50 हजार का इनामी मुख्य आरोपी गिरफ्तार


## आरोपी को एक देशी पिस्टल मय मैग्जीन व दो देशी कट्टे एवं पांच जिंदा कारतूस के साथ दबोचा

**पावटा, (निसं)।** पुलिस थाना भाबरु व जिला सायबर सेल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बानसूर के सुनील उर्फ टुल्ली हत्याकांड प्रकरण में फरार 50 हजार रुपए के इनामी अपराधी को एक देशी पिस्टल मय मैग्जीन व दो देशी कट्टे एवं पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

- **इतनी मात्रा में अवैध हथियार कहां से लाने व किस प्रयोजन से खरीदे गए थे, इस संबंध में पुलिस आरोपी से जांच कर रही है**

जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड देवेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि बानसूर के सुनील उर्फ टुल्ली हत्याकांड में फरार 50 हजार का इनामी मुख्य अभियुक्त कृष्ण पहलवान की तलाश के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन एवं नीमराना थाना प्रभारी राजेश मीणा, भाबरु थाना प्रभारी अंकित सामरिया, जिला साइबर सेल प्रभारी हेड कांस्टेबल संदीप कुमार मय टीम व गठित विशेष टीमों द्वारा तलाश करते हुए जिला साइबर सेल प्रभारी हेड कांस्टेबल संदीप कुमार को सूचना प्राप्त हुई। सूचना के अनुसार बानसूर के सुनील उर्फ टुल्ली हत्याकांड प्रकरण में फरार मुख्य अभियुक्त कृष्ण पहलवान खातोलाई मोड पुलिया दिल्ली जयपुर एन एच 48 की तरफ है, जिसके पास भारी मात्रा में हथियार हो सकते हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर भाबरु थाना प्रभारी अंकित सामरिया, जिला साइबर सेल प्रभारी हेड कांस्टेबल संदीप कुमार प्राइवेट वाहन से खातोलाई मोड पुलिया दिल्ली जयपुर एनएच 48 पहुंचे, जहां बैग लटकाए खड़ा एक लड़का थानाधिकारी को वर्दी में देखकर भागने लगा। जिसे भाबरु थाना प्रभारी अंकित सामरिया, जिला साइबर सेल प्रभारी हेड कांस्टेबल संदीप कुमार ने पीछा कर पकड़ा पकड़ा।

वहीं भाबरु पुलिस थाने से अतिरिक्त जाप्ता मंगाकर कृष्ण यादव उर्फ कृष्ण पहलवान को चेक किया गया तो कृष्ण पहलवान के कब्जे से बिना वैध लाइसेंस के एक देशी पिस्टल मय मैग्जीन व दो देशी कट्टे एवं पांच जिंदा कारतूस मिले, जिन्हें पुलिस द्वारा जप्त किया जाकर अभियुक्त कृष्ण यादव उर्फ कृष्ण पहलवान (32) पुत्र सुबेसिंह निवासी बालावास को गिरफ्तार किया और आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी के पास इतनी मात्रा में अवैध हथियार कहां से आए व किस प्रयोजन से खरीदे गए थे, इस संबंध में अनुसंधान जारी है।



पुलिस ने इनामी अपराधी कृष्ण पहलवान को गिरफ्तार किया।

**धोखे से नकदी हड़पी :-** उदयपुर में नौकरी लगाने के नाम पर पीड़िता से नकदी हड़पने वाले फर्जी आर्मी अधिकारी के खिलाफ प्रतापनगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। टीना पुत्री सुखबीरसिंह सीबीएफ कॉलोनी हिदुस्तान जिंक देबारी ने सुरेश शर्मा निवासी हरियाणा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि 16 नवंबर 2024 को रेवाडी से उदयपुर आ रही थी। इस दौरान ट्रेन में आरोपी से मुलाकात हुई तो उसने स्वयं को बीएसएफ मे अधिकारी होकर बाडमेर में तैनात होना बताया। इस पर मोबाइल नंबर लेने के बाद संपर्क होने से नजदीकियां बढ़ गई। इस दौरान नौकरी दिलाने की बात होने पर आरोपी ने आश्वासन दिया तथा इसके लिए करीब 10 लाख रूपये खर्च करने की बात कही। इस पर सहमति बनने पर 5 अप्रेल 2025 को आरोपी मेवाड़ी मक्खन ढाबा देबारी आया, जहां उसे 9 लाख रूपये का भुगतान किया तथा घर चलने को कहने पर जल्द जाने का हवाला देकर आरोपी निकल गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# प्रदेश में 44 नए सरकारी प्राइमरी स्कूल खुलेंगे, मंजूरी मिली

- **28 जिलों में ये स्कूल खुलेंगे, इनमें सबसे ज्यादा चार स्कूल जयपुर शहर में खुलेंगे**
- **इन नए स्कूलों के लिए फिलहाल कोई भवन की व्यवस्था नहीं है, सुरक्षित परिसर में इसी सत्र में इन स्कूलों को शुरू किया जाएगा**

**बीकानेर, (निसं)।** राज्य में 44 नए सरकारी प्राइमरी स्कूल खुलेंगे। इसकी मंजूरी मिल चुकी है। इन स्कूलों को लेकर आदेश जारी हो गए। 28 जिलों में ये स्कूल खुलेंगे। इनमें सबसे ज्यादा चार स्कूल जयपुर शहर में खुलेंगे। वहीं 7 नए जिलों में भी 10 स्कूलों को मंजूरी मिली है। खास बात यह है कि ये स्कूल इसी सेशन से शुरू हो जाएंगे।

इन सभी स्कूल में दो-दो टीचर नियुक्त किए जाएंगे। इन नए स्कूलों के लिए फिलहाल कोई भवन की व्यवस्था नहीं है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने आदेश जारी किया है। इसके अनुसार, भवन की व्यवस्था होने तक किसी सुरक्षित परिसर में इसी सत्र में इन स्कूलों को शुरू किया जाएगा। ये सुरक्षित परिसर कोई सरकारी स्कूल या फिर कोई सरकारी परिसर हो सकता है। स्कूल भवन बनाने के लिए जन सहयोग की पहल की जाएगी। यदि जन सहयोग नहीं मिलता है तो समग्र शिक्षा अभियान, नाबार्ड या फिर एमपी-एमएलए के कोटे से भवन का निर्माण होगा। नए स्कूलों में टीचर की व्यवस्था मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को करनी होगी। इसके लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र के उन स्कूलों से टीचर्स लगाएंगे, जहां नामांकन कम और टीचर ज्यादा हैं। ऐसे टीचर्स को प्राथमिकता से नए स्कूल में भेजा जाएगा। राजस्थान में वर्तमान में 19 हजार 600 सीनियर सेकेंडरी स्कूल हैं। वहीं 48 हजार स्कूल प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्तर के हैं। नए जिले डीग, कोटपूतली-बहरोड़ और सलूंबर में 2-2 स्कूल खोले जाएंगे। वहीं बालोतरा, डीडवाना - कुचामन, खैरथल-तिजारा और फलोदी में एक-एक स्कूल खुलेगा।

# दुकानदार की हत्या, दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** सायरा थाना पुलिस ने मीट बेचने वाले दुकानदार की हत्या करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित विनोद कुमार पुत्र नानूराम खटीक निवासी रावों का सायरा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरे पिता विसमा गांव में नोनवेज की दुकान चलाते हैं। बीते बुधवार छह अगस्त रात में पिताजी दुकान पर थे। इस दौरान विसमा गांव निवासी शिवाराम व 3 साथी दुकान पर आए जहां नोनवेज के लिए पूछा तथा पैसों को लेकर विवाद होने पर मारपीट कर मेरे पिता की हत्या कर दी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपालस्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में सायरा थानाधिकारी किशोर सिंह शक्तावत मय टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को डिटेन किया, जिनसे की गई पूछताछ के आधार पर आरोपी शिवाराम पुत्र लच्छाराम गरासिया निवासी विसमा सायरा तथा कुसाराम पुत्र तौलाराम गरासिया निवासी विसमा को गिरफ्तार किया, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# दिलीपनाथ का साथी इनामी हिस्ट्रीशिटर गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** हिस्ट्रीशिटर दिलीपनाथ के साथी दस हजार के इनामी हिस्ट्रीशिटर को महिला के वेश में पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 10 हजार रूपये के इनामी हिस्ट्रीशिटर व अपराधी नारायणदास वैष्णव पुत्र धनदास वैष्णव निवासी पियाद्रा अम्बेरी सुखेर को गिरफ्तार किया। नारायण पहचान छिपाने की नियत से महिला की वेषभूषा पहन कर घूम रहा था। नारायण को पीड़ित को डरा-धमकाकर उसकी जमीन का एग्रीमेंट करा अवैध रूप से 35 लाख 50 हजार रूपये वसूली के मामले में गिरफ्तार किया है। उक्त मामले में हार्डकोर अपराधी दिलीपनाथ, नरेश वैष्णव, नरेश पालीवाल व विष्णु पालीवाल गिरफ्तार हो चुके हैं। नारायणदास हार्डकोर अपराधी दिलीपनाथ के द्वारा कूटरचित दस्तावेज के आधार पर पासपोर्ट कार्यालय पटना बिहार से बनाये पासपोर्ट मामले में कोतवाली पटना में वांछित चल रहा है।

अति. पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा ने बताया कि नाई थाने के हिस्ट्रीशिटर व हार्डकोर दिलीपनाथ व उसके साथियों द्वारा सुनियोजित षडयंत्र रच कर पीड़ित को जबरन घर से उठा ले जाने व मारने की धमकी देकर जमीन का एग्रीमेंट करा पीड़ित को तथा उसकी बच्ची को जान से मारने की धमकी दी एवं 35 लाख 50 हजार रूपये वसूल लिए। इस मामले में सुखेर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज हुआ था। जिसकी जांच पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह ने की थी। इस मामले में निलंबित पुलिस कांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह के अलावा गजेन्द्र पुत्र लक्ष्मीलाल चौधरी निवासी अम्बामाता मंदिर के पिछे, देवेन्द्र गायरी उर्फ डेविड निवासी कालारोही, शंकरसिंह पुत्र हीरालाल राजपूत, पींटू कलाल निवासी मेहरों का गुडा, कमल दया पुत्र मांगीलाल, हेमराज डांगी, लाखन खटीक व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने गजेन्द्र पुत्र लक्ष्मीलाल चौधरी, देवेन्द्र गायरी उर्फ डेविड, हेमराज डांगी, कमल दया की गिरफ्तारी पर 2-2 हजार रूपये व लाखन तथा पिन्टू कलाल की गिरफ्तारी पर 5-5 हजार रूपये इनाम घोषित किया है।

# जमीन विवाद में मारपीट का आरोप

**भीलवाड़ा, (निसं)।** मोखमपुरा गांव में गूगड़ के परिवार के सदस्य विवादित जमीन पर लकड़ियां लेने गए तो एएसपी अदिति चौधरी के परिवार के सदस्यों ने उनके साथ गाली गलौच और मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उक्त जमीन के विवाद पर कोर्ट उनके पक्ष में फैसला कर चुकी है, उसके बावजूद शंकरलाल जाट, डालचंद जाट, राजेंद्र जाट, राहुल जाट, रंजीत जाट, प्रेम देवी के साथ ही एएसपी अदिति चौधरी मौके पर पहुंची। विवादित भूखंड अपना बताते हुए झगड़ा शुरू कर दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इस दौरान उनकी बहू एएसपी अदिति चौधरी मौके पर पहुंची और न केवल प्लॉट पर कब्जा कर लेने की धमकी दी बल्कि एनकाउंटर कराने तक की धमकी दे डाली। पीड़ित पक्ष ने इस संबंध में एसपी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। इस घटना के संबंध में एएसपी अदिति चौधरी से संपर्क साधने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# रक्षाबंधन पर बहनों से बिछड़ा भाई, नदी में डूबने से मौत

**छबड़ा, (निसं)।** रक्षाबंधन पर्व पर एक भाई अपनी बहनों से हमेशा के लिए दूर हो गया। नदी दरवाजे स्थित रेणुका नदी के पुल के पास शुक्रवार सुबह एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस कर्मियों व गोताखोरों ने ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू कर डूबे युवक को बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

- **पुलिसकर्मियों व गोताखोरों ने रेस्क्यू कर डूबे युवक को बाहर निकाला**

जानकारी के अनुसार क़स्बे की रेणुका नदी के पुल के पास शुक्रवार सुबह कस्बा निवासी बंटी सुमन (30) पुत्र हीरालाल डूब गया। घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस कांस्टेबल रणवीर सिंह व हीर सिंह व गोताखोर मंजूर मेव, नीरज कुशवाहा, भवानी कुशवाहा व छोटू कुशवाहा ने कड़ी मशक्कत व रेस्क्यू कर युवक को नदी से बाहर निकाला और त्वरित उसे छबड़ा चिकित्सालय में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उल्लेखनीय है कि गोताखोर अगर तत्परता नहीं दिखाते तो मृतक की तलाश असंभव हो जाती है, क्योंकि सुबह बारीश आने से नदी का जल स्तर भी बढ़ गया था। पूर्व में कई शव कई दिनों बाद की कड़ी मशक्कत के बाद मिले हैं।

**बहनों से हमेशा के लिए दूर हुआ बंटी :-** मृतक बंटी अविवाहित था, इसके बड़े भाई महेंद्र व बहन ऊषा, सीमा की शादी हो चुकी थीं। पिता हीरालाल की विगत तीन वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी थी। शुक्रवार को जैसे ही बंटी की मृत्यु की खबर उसके परिवारजनों को लगी तो एकाएक रूप से शोक की लहर दौड़ गई और रक्षाबंधन पर्व की खुशियां मातम में बदलने के साथ बहन उषा व सीमा से बंटी हमेशा के लिए दूर हो गया। मृतक बंटी छोटे दादाजी रामकल्याण के फूल चुनने के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था कि उसकी भी नदी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक एक ढ ाबे पर कार्य करता था। पूर्व पार्षद रितेश शर्मा ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की।

# नदी में डूबने से दो बालकों की मौत

**कोटा, (निसं)।** चम्बल नदी में कोटा बैराज की डाउन स्ट्रीम में शुक्रवार को दो बालक नदी में डूब गये। दो बालकों के चम्बल नदी में डूबने की सूचना पाकर नगर निगम की गोताखोर टीम मौके पर पहुंची। नगर निगम के गोतखोर विष्णु श्रंगी ने बताया कि दो बालकों के चम्बल नदी के डाउन स्ट्रीम में डूबने की सूचना पाकर टीम मौके पर पहुंची और रेसक्यू टीम ने बहाव क्षेत्र में 35 फीट अंडर वॉटर स्कूबा डाईविंग करके घटना के मात्र 45 मिनट में दोनों बालकों के शवों को चम्बल नदी से बाहर निकालकर पुलिस एवं मौके पर पहुंचे परिजनों को सौंप दिया। दोनों मृतको की उम्र 15 से 16 वर्ष के बीच बताई जा रही है। नगर निगम के गोताखोर चंगेज खान ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली की चम्बल नदी के बैराज डाउन स्ट्रीम में नहाते समय दो बालक चम्बल नदी में डूब गये हैं। सूचना पाकर गोताखोर टीम मौके पर पहुंची। गोताखोर चंगेज खान ने बताया कि मौके पर पहुंची टीम के सदस्यों ने 35 फीट अन्दर वॉटर स्कूबा डाईविंग का रेसक्यू अभियान चलाकर दोनों बालकों के शवों को चम्बल नदी से बाहर निकाल कर पुलिस व परिजनों को सौंप दिया। दोनों मृतक बालकों के शवों की पहचान पाटनपोल के निवासी अली (15) पुत्र बाबू भाई व अली (16) पुत्र रउफ के रूप में हुई है।

- **चम्बल नदी में कोटा बैराज की डाउन स्ट्रीम में हादसा हुआ**

# फर्जी वेबसाइट के जरिये करोड़ों के अवैध कारोबार का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार

## ऑनलाइन गैमिंग पैनल से सट्टा खिलाते थे सटोरिये, करोड़ों का अवैध कारोबार चलाया जा रहा था

**कोटा, (निसं)।** अनंतपुरा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक बड़े ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का पर्दाफाश करते हुए फर्जी वेबसाइट के जरिये करोड़ों का अवैध कारोबार चलाने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- **पुलिस ने मौके से दो लेपटॉप, 33 मोबाइल फोन, 34 अलग-अलग बैंकों के डेबिट कार्ड, तीन चैक बुक, एक बैंक पास बुक आदि बरामद किये**



ऑनलाइन पैनल पर सट्टा खिलाते छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि अन्नतपुरा इलाके के फ्लेट नम्बर 903-ए ब्लॉक दीपश्री में कुछ लोग ऑनलाइन गेमिंग व अन्य गेमो पर ऑनलाइन सट्टा चला रहे हैं। शहर एसपी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उप अधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए हर्षित प्रजापति (24), निखिल सुवालका (23), आकाश मेवाड़ा (27), हितेश प्रजापति (19), ओमप्रकाश (20) व सुरेश देवसी (28) को पकड़ा। पुलिस टीम ने मौके से 2 लेपटॉप मय चार्जर, 33 मोबाईल फोन, 34 अलग-अलग बैंको के डेबिट कार्ड, तीन चैक बुक, एक बैंक पास बुक, सात मोबाईल चार्जर, व अलग-अलग कंपनी की दस सिम कार्ड बरामद किये है। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी फर्जी वेबसाइट बनाकर ऑनलाइन सट्टा व लूडो गेम खिलाते थे और लोगों को आसान कमाई का लालच देकर उनके पैसे जमा करवाते थे। शहर एसपी ने बताया कि आरोपियों ने पूर्व में महादेव एप जो बन्द हो चूका है उसी के तरह नए एप बनाकर जिसमें प्रमुखत: चिंकु बुक नाम की वेबसाइट तथा अन्य वेबसाइट बनाई जिनके माध्यम से क्रिकेट, फुटबॉल व अन्य प्रकार के गेम्स पर सट्टे की खाईवाली करते हैं तथा लोगों को वाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से लोगों को प्रवंचित कर ऑनलाइन गेम खेलने तथा रूपये जीतने का लालाच देकर साइट पर जोड़ते हैं और वाट्सऐप पर ऑनलाइन गेम खेलने का मैसेज प्राप्त होने पर लेपटॉप से ग्राहक की आईडी बना देते हैं। ऑनलाइन गेम खेलने वाले ग्राहक द्वारा रूपये भेजने पर ऑनलाइन गेम खेलने वाले को कोईन डाल देते हैं। यह चेन सिस्टम की तरह काम करता था और ठगी का पैसा यूपीआई के जरिये बैंक खातों में डलवाते हैं। जब कोई बड़ी राशि जीतता तो उसे पैसे नहीं देते थे। पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान जारी है।


राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उदयपुर (राजस्थान)**
पता मकान नं. 16, ब्लॉक सी हिरणमगरी सवीना सेक्टर-9 क्रिस्टल प्लाजा के पास उदयपुर
(email-eemhudaipur@gmail.com, ee-mh-udaipur.gov.in)
क्रमांक- चि.एवं.स्वा./उदयपुर/2025-26/641 दिनांक-30.07.2025
**ई-निविदा सूचना संख्या 07/2025-26 MHS2526A2101**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य के उदयपुर सलुम्बर एवं सिरोही जिले में निर्माण कार्य मय पांच साल की दोष निवारण अवधि (जहाँ लागु हो) के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इतयादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए,ए,बी, सी, एवं डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा को दिनांक 12.08.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in व SPPP.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. 1. MHS2526WSOB03140, 2. MHS2526WSOB03141, 3. MHS2526WSOB03142, 4. MHS2526WSOB03143
हितेश गुप्ता
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य उदयपुर
DIPR/C/11096/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन. स्वा. अभि. विभाग, नगर खण्ड, तृतीय**
(उत्तर), ब्रह्मपुरी थाने के पीछे आमेर रोड, जयपुर
E-mail: eecity3jai.phed@rajasthan.gov.in दूरभाष सं.-0141-2670465
क्रमांक-अ अ/न ख III(3)/2025-26/1387-1401 दिनांक-01.08.2025
**निविदा सूचना**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पंजीकृत संवेदकों जो राजस्थान सरकार के नियमानुसार अधिकृत हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संवेदक ई-निविदा में भाग लेने हतु अपने डिजिटल हस्ताक्षर (डीएससी) पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। निविदा संबंधित विवरण निम्नलिखित वैबसाईट पर देख सकते है।
1. http://www.eproc.rajasthan.gov.in (Online) (2) http://sppp.rajasthan.gov.in

| S.No. | NIT Number | NIT Cost (In Lacs) | Last Date of Bid Submission | UBN Code |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 19/2025-26 | 43.58 | 12.08.2025 | PHE2526WSOB05101 |
| 2 | 20/2025-26 | 100.00 | 12.08.2025 | PHE2526WSOB05102 |

अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग
नगर खण्ड तृतीय (उत्तर), जयपुर
DIPR/C/11256/2025

**Office of the Superintendent Engineer and Project Manager WCDC, Karauli**
No. :- 1201 Date :- 07/08/2025
**NOTICE INVITING BID**
**NIB No. : 20, 21, 22/2025-26**
Bids for various works of Project MJSA 2.0 of estimated value INR (61.61+57.06+20.74) 139.41 lacs, 141.11 lacs & (5.32+6.77+3.42) 15.51 lacs are invited from interested bidders up to 6.00 PM, 18-08-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state, departmental website.

| NIB NO | NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|---|
| 20 | WSC2526A0609 | WSC2526WSRC01035, WSC2526WSRC01036, WSC2526WSRC01037 |
| 21 | WSC2526A0610 | WSC2526WSRC01038 |
| 22 | WSC2526A0611 | WSC2526WSRC01040, WSC2526WSRC01041, WSC2526WSRC01042 |

Raj.Samwad/C/25/7839
Superintending Engineer and Project Manager
WCDC Zila Parishad Karauli

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद जालोर**
क्रमांक :- एफ ( )/निविदा/2025-26/1474, 1475, 1476 दिनांक :- 05/08/2025
**NOTCE INVITING BID**
**NIT No. 21 - 23/ 2025-26**
Bids for Production Works Under PMKSY 2.0 project area in block SANCHORE, CHITALWANA AND JASWANTPURA of estimated Value INR 666.01 Lacs are invited from interested bidders Up to 3.00 PM 26-08-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https//eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.

| NIT NO. | Work Name & Block | NIB No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| NIT 21/2025-26 SACNHORE | Tanka and Farm Pond | WSC2526A0594 | WSC2526WSRC1013 |
| NIT 22/2025-26 CHITALWANA | Tanka with Agor, Rooftop Tanka and Farm Pond | WSC2526A0595 | WSC2526WSRC1014 |
| NIT 23/2025-26 JASWANTPURA | Anicut/Pakka checkdam, Farm Pond, Khadin, Amrit Sarovar, Mini Percolation Tank, Percolation Tank, ECD, Sunken Pond and Recharge Shaft | WSC2526A0596 | WSC2526WSRC1015 |

Raj.Samwad/C/25/7847
SE & PMWCDC,
ZILA PARISHAD
JALORE

**कार्यालय, अधीक्षक, सामूहिक चिकित्सालय संघ, अजमेर**
क्रमांक-1153/लेखा-8/जलानेचि/2025 दिनांक-29.07.2025
**ई-बिड सूचना**
UBN-MCA2526GLOB00086
ज.ला.नै. चिकित्सालय, अजमेर केन्द्रीय भण्डार के औषधियों की मांग पूर्ति हेतु सर्जिकल आइटम्स का क्रय (अनुमानित लागत 01.00 करोड) योजाफाईड विनिर्मीता/प्राधिकृत डीलर/विपणन एजेण्ट/थोक विक्रेता आदि से ई-बिड आमंत्रित की जाती है। विस्तृत बोली की शर्ते एवं बोली दस्तावेज को वैबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जाकर बिड प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

| S.No. | Schedule | Detail |
|---|---|---|
| 01 | Estimated cost | Rs. 100.00 Lacks |
| 02 | Tender Fees | Rs. 1000/- |
| 03 | RISL Processing Fees through e-Gras Challan | Rs. 2000/- |
| 04 | Earnest Money Deposit | Rs. 2,00,000/- (Two Lacks) |
| 05 | Bid Publishing Date & Time | 30.07.2025 at 2.00 PM |
| 06 | Document Download Date and Time | 30.07.2025 at 2.00 NOON |
| 07 | Pre-Bid Meeting | 02.08.2025 at 1.00 PM |
| 08 | Document Upload Date and Time | 05.08.2025 at 10.00 Am |
| 09 | Bid Submission Date & Time | 14.08.2025 at 1.00 PM |
| 10 | Physical Tender Fees, Processing Fees Challan Copy Submission Date, Time & Venue | On or Before 14.08.2025 Till 04.00 PM Office of The Superintendent,Associated Group of Hospitals, Ajmer |
| 11 | Technical Bid Opening Date | 18.08.2025 at 04.00 PM |

अधीक्षक
सामूहिक चिकित्सालय संघ
अजमेर
DIPR/C/11002/2025

**कार्यालय बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर**
Near Collector Office, Bikaner (Rajasthan) Fax :- 91-151-2226012, Phone :-91-151-2226012, 91-151-2226013
E-Mail Address:- uitbikaner@yahoo.co.in Web Site :- urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner
क्रमांक - बीविप्रा./बीका/अ.अभि/2025-26/4926 दिनांक :- 07/08/2025
**ई - बिड सूचना संख्या 28-II/2025-26**
बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर की ओर से Bidder should be reputed firm/company/Govt. owned entity में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत फर्म से Consultancy कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने प्राप्त करने व खोलने की दिनांक एवं निविदा शर्तों आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & www.urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner पर देखा जा सकता है।
UBN No. :- ITB2526SLOB00156
राज.संवाद/सी/25/7796
अधिशाषी अभियन्ता

**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
(पदार्थ प्रबन्ध एवं अनुबन्ध शाखा) नया पावर हाऊस परिसर, हैवी इंडस्ट्रीयल एरीया, जोधपुर-342003
**ई-निविदा सूचना**
निगम की कार्यशाला में खराब डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफार्मर की मरम्मत के लिए रेट कांट्रेक्ट के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सामान की खरीद हेतु TN-2068 (UBN JVV2526GLOB00343) हेतु ई-निविदा आंमत्रित की जाती हैं।
अन्य विवरण जैसे निविदा मुल्य, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने / खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं http://sppp.rajasthan.gov.in द्वारा जानी जा सकती हैं।
अधीक्षण अभिंयता
(पदार्थ प्रबन्ध एवं अनुबंध)
राज.संवाद/सी/25/7820
बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045

**कार्यालय नगर निगम जोधपुर दक्षिण**
(नगर निगम भवन, पोलोटेक्निक कॉलेज परिसर, रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर)
(ceo_nnj@rediffmail.com Tel: 0291-2651464)
क्रमांक:– 11472 दिनांक:– 07.08.2025
**–:: अल्पकालीन ई–निविदा सूचना ::–**
U. B. No. DLB2526SLOB14040
नगर निगम जोधपुर दक्षिण में नगर निगम के कार्यों हेतु जीप/बोलेरो, कार, इनोवा कार, 24 सीटर बस संविदा पर दो वर्षों के लिए उपलब्ध करवाने के कार्य हेतु अनुभवी, योग्य एवं प्रतिष्ठित वाहन स्वामियों/ट्रेवल एजेन्सियों/प्रतिष्ठित फर्मों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें www.eproc.rajasthan.gov.in, www.lsg.rajasthan.gov.in/mcjs एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।
आयुक्त
नगर निगम जोधपुर दक्षिण
राज.संवाद/सी/25/7835

**कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)**
E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड़, बारां Phone : 07453-230106
क्रमांक : नपबा/निर्माण/2025/3633–35 दिनांक : 07.08.2025
**ई–टेण्डर सूचना संख्या : निर्माण 37/2025–26**
नगर परिषद बारां द्वारा राजस्थान सरकार के अभियांत्रिकी विभागो में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको अथवा पीडब्ल्यूएफएआर रूल्स के अन्तर्गत पात्र संवेदको से विभिन्न निर्माण कार्यो के लिये निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखें। कार्यो की लागत 24.94 लाख रूपये से 42.77 लाख रूपये तक है तथा UBN No. निम्नानुसार है :–
1. DLB2526WSOB13985, 2. DLB2526WSOB13986, 3. DLB2526WSOB13987
राज.संवाद/सी/25/7808
आयुक्त, नगर परिषद बारां

राजस्थान सरकार
**कार्यालय उप वन संरक्षक, बूंदी**
क्रमांक-एफ( )विकास/उवसं/2025-26/6901 दिनांक-30.07.2025
**Notice Inviting Bid**
Bid for "Construction of Boundry wall and forest gaurd chauki Work" are invited from interested bidders upto 12.08.2025 (Time 06.00PM) Participants of the bid may visit on procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.
NIB CODE: FOR2526A0903
UBN is-1. FOR2526WSOB01161, 2. FOR2526WSOB01162, 3. FOR2526WSOB01163
(देवेन्द्र सिंह भाटी)
उप वन संरक्षक, बूंदी
DIPR/C/11076/2025